<u>सेट–1</u>

# हाईस्कूल परीक्षा सत्र : 2019–20

## प्रतिदर्श प्रश्नपत्र– कक्षा–10
## विषय–सामाजिक विज्ञान

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**नोटः** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देशः**

1– यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नये पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाये।

2– प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

3– प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न है– बहु–विकल्पीय, अति लघु–उत्तरीय, लघु उत्तरीय व विस्तृत–उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

4– 'क' तथा 'ख' खण्डों हेतु दिये गये मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

5– दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र–कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड 'क' में प्रश्न संख्या–14 तथा खण्ड 'ख' में प्रश्न संख्या–28 के उत्तर लिखने के लिये दिये गये हैं।

### <u>खण्ड–'क'</u>
### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

**(1)** रिंडर पेस्ट क्या था? : **1**

(अ) मछली रोग (ब) पुरुष रोग

(स) पशु रोग (द) स्त्री रोग

**(2)** क्रिस्टोफर कोलम्बस गलती से अज्ञात महाद्वीप में पहुँच गया था। उसका नाम था— **1**

(अ) भारत (ब) अमेरिका

(स) जर्मनी (द) इंग्लैण्ड

**(3)** भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धान्त क्या है— **1**

(अ) बहुजन समाज (ब) क्रांतिकारी

(स) समग्र मानवतावाद (द) आधुनिकतावाद

**(4)** औद्योगिक क्रान्ति सर्वप्रथम कहाँ प्रारम्भ हुई— **1**

(अ) इंग्लैण्ड (ब) जर्मनी

(स) फ्रान्स (द) इटली

**(5)** लोकतंत्र की सफलता में बाधक नहीं है— **1**

(अ) निर्धनता (ब) निरक्षरता

(स) साम्प्रदायिकता (द) जागरूक—जनमत

**(6)** स्पिनिंग जेनी का आविष्कार किसने किया— **1**

(अ) जेम्स हरग्रीव्ज (ब) रिचर्ड आर्कराइट

(स) जॉन के0 (द) एडमंड कार्ट राइट

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

**(7)** किन्हीं दो राष्ट्रीय राजनैतिक दलों का नामोल्लेख कीजिए। **1+1**

**(8)** जॉबर कौन होते थे? उनका क्या कार्य था? **1+1**

**(9)** शपथपत्र किसे कहते हैं? **2**

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)**

**(10)** शहरीकरण से क्या तात्पर्य है? **3**

अथवा

समरुप समाज किसे कहते हैं?

**(11)** मुद्रण क्रान्ति से आप क्या समझते हैं? **3**

अथवा

मुद्रण संस्कृति का फ्रांसीसी क्रान्ति पर क्या प्रभाव पड़ा?

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)**

**(12)** शासन के संघीय और एकात्मक स्वरुपों में मुख्य अन्तर क्या है? इसे उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करें। **6**

अथवा

सामाजिक अन्तर कब और कैसे सामाजिक विभाजनों का रूप ले लेता है?

**(13)** फ्रान्स की क्रान्ति का फ्रांस तथा यूरोप पर क्या प्रभाव पड़ा? **6**

अथवा

उपनिवेशों में राष्ट्रवाद के उदय की प्रक्रिया उपनिवेशवाद विरोधी आन्दोलन से जुड़ी हुयी क्यों थी?

**(14)** <u>**मानचित्र कार्य**</u>

**निर्देशः—** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये मानचित्र में ⊙ के चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा अंकन के लिए ½ + ½ अंक निर्धारित हैं।

(i) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने आन्दोलन किया। ½+½

(ii) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। ½+½

(iii) वह स्थान जहाँ सूती मिल श्रमिकों ने सत्याग्रह किया। ½+½

(iv) वह स्थान जहाँ असहयोग कार्यक्रम की स्वीकृति को मोहर लगी। ½+½

(v) वह स्थान जहाँ सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या–14 के मानचित्र–कार्य के विकल्प स्वरूप)**

(i) नील की खेती करने वाले किसानों ने कहाँ आन्दोलन किया? **1**

(ii) जालियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कहाँ हुआ? **1**

(iii) सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह कहाँ हुआ? **1**

(iv) असहयोग कार्यक्रम की स्वीकृति की मोहर कहाँ लगी? **1**

(v) सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किस स्थान पर किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया? **1**

## खण्ड–'ख'

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देशः** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

**(15)** निम्नलिखित में से किस प्रान्त में सीढ़ीदार (सोपानी) खेती की जाती है? **1**

(अ) पंजाब (ब) हरियाणा

(स) उत्तर प्रदेश के मैदान (द) उत्तराखण्ड

**(16)** किस क्षेत्रक के श्रमिक वस्तुओं का उत्पादन नहीं करते– **1**

(अ) द्वितीयक (ब) कृषि

(स) तृतीयक (द) इनमें से कोई नहीं

**(17)** स्वयं सहायता समूह में बचत और ऋण सम्बन्धित अधिकतर निर्णय लिये जाते हैं– **1**

(अ) बैंक द्वारा (ब) नियोक्ता

(स) सदस्यों द्वारा (द) इनमें से कोई नहीं

**(18)** मानव विकास सूचकांक 2017 में भारत का स्थान है: **1**

(अ) 130वाँ (ब) 144वाँ

(स) 170वाँ (द) 136वाँ

**(19)** वैश्वीकरण को सम्भव बनाने वाले कारक कौन से हैं?: **1**

(अ) प्रौद्योगिकी (ब) सूचना एवं प्रौद्योगिकी

(स) परिवहन (द) उपर्युक्त सभी

**(20)** निम्न में कौन सा शब्द दो या अधिक देशों के व्यापार को दर्शाता है? **1**

(अ) आन्तरिक व्यापार (ब) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

(स) बाहरी व्यापार (द) स्थानीय व्यापार

**<u>(अति लघुउत्तरीय प्रश्न)</u>**

(21) आधारभूत उद्योग क्या है? किसी एक उद्योग का नाम लिखिए? **1+1**

(22) सड़क परिवहन के दो गुण लिखिये। **1+1**

(23) उपभोक्ता जागरूकता को परिभाषित कीजिये? **2**

**(लघुउत्तरीय प्रश्न)**

(24) उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम 1986 के अन्तर्गत उपभोक्ता के किन्हीं तीन अधिकार लिखिये? **1+1+1**

अथवा

विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिये दो उपायों को लिखिये? **1½+1½**

(25) पूर्वी तट के नदी डेल्टाओं पर किस प्रकार की मृदा पायी जाती है? इस प्रकार की मृदा की दो मुख्य विशेषतायें लिखिये। **1+1+1**

अथवा

खाद्य और अखाद्य फसलों में क्या अन्तर है। किसी एक खाद्य फसल की भौगोलिक दशा एवं उत्पादन क्षेत्र का नाम लिखिये। **1+1+1**

(26) ऊर्जा संसाधन किसे कहते हैं? ऊर्जा के परम्परागत साधनों का वर्णन कीजिए? **2+4**

अथवा

मृदा किसे कहते हैं? मृदा के वर्गीकरण का वर्णन कीजिये। **2+4**

**(27)** तृतीय क्षेत्रक अन्य क्षेत्रकों से कैसे भिन्न है? सोदाहरण वर्णन कीजिए? **2+4**

अथवा

जोखिम वाली परिस्थितियोां में ऋण कर्जदार के लिये और समस्यायें खड़ी कर सकती हैं। स्पष्ट कीजिये? **6**

**(14)** **<u>मानचित्र कार्य</u>**

**निर्देशः–** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइयेः–

(i) नर्मदा नदी चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(ii) काली मिट्टी का क्षेत्र + + + + + + + चिन्ह सहित। **1**

(iii) रेशम वस्त्र उद्योग ● चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(iv) कोयला–खान ▲ चिन्ह द्वारा नाम सहित। **½+½**

(v) इंदिरागाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन चिन्ह द्वारा नाम सहित। **1**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र–कार्य के विकल्प रूप में)**

**निर्देशः–**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) काजीरंगा उद्यान कहाँ स्थित है? **1**

(ii) किन्हीं दो काली मिट्टी क्षेत्रों का नाम लिखिये। **1**

(iii) रेशम वस्त्र उद्योग के दो क्षेत्रों के नाम। **1**

(iv) किन्हीं दो कोयला खान के नाम। **1**

(v) इंदिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन कहाँ स्थित है? नाम लिखिये। **1**

*****